## 4. जिला महिला चिकित्सालय, जनपद–आगरा

- पूर्व भ्रमण के दौरान पाई गई कमियों का चेक लिस्ट के अनुसार फालोअप किया गया। पूर्व में दिये गये निर्देशों के अनुसार चिकित्सालय में साफ–सफाई आदि का कार्य किया जा रहा था।
- मरीजों को पीने हेतु आर0ओ0 द्वारा पेय जल की व्यवस्था चिकित्सालय के पीछे की गयी थी, जहाँ गन्दगी एवं दुर्गन्ध थी। चिकित्सालय भवन के अंदर हीं मरीजों के लिये पेय जल की सुविधा प्रारम्भ किये जाने के निर्देश दिये गये।
- सेल्फ केयर किट/परिवार नियोजन किट में परिवार नियोजन से संबंधित किट नहीं रखे गये थे। तत्काल सेल्फ केयर किट को व्यवस्थित कराया गया।

## 5. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अछनेरा, जनपद–आगरा

- पूर्व भ्रमण के दौरान पाई गई कमियों का चेक लिस्ट के अनुसार फालोअप किया गया। पूर्व में दिये गये निर्देशों के अनुसार चिकित्सालय में आई0ई0सी0 साइनेज, सफाई आदि का कार्य किया जा रहा था।
- कोल्ड चेन रूम में आई0एल0आर0 खराब था जिसे शीघ्र मरम्मती हेतु निर्देशित किया गया।

## 6. एस0एन0 मेडिकल कालेज, जनपद–आगरा

- पूर्व भ्रमण के दौरान पाई गई कमियों का चेक लिस्ट के अनुसार फालोअप किया गया।

## 7. आम पी0एच0सी0 बरारा बिचपुरी

- 6 बेडेड ई0सी0आर0पी0 बिल्डिंग बन्द पाई गई।
- चिकित्सालय में साफ–सफाई का कार्य चल रहा था।

## 8. उपकेन्द्र गदसानी, बिचपुरी

- माइक्रोप्लान उपलब्ध नहीं था। ए0एन0एम0 द्वारा बताया गया कि द्वितीय शनिवार को वी0एच0एन0डी0 दिवस उपकेन्द्र पर आयोजित किया जाता है। माइक्रोप्लान में आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिया गया।
- ट्रैकिंग बैग था परन्तु माहवार काउण्टर फाईल नहीं पाया गया।
- पुराने एवं अनयुज्ड आई0ई0सी0 डिस्पले को हटाने के निर्देश दिये गये।

## 9. आम पी0एच0सी0 मलपुरा, ब्लाक अकोला

- चिकित्सालय में विगत 5 दिनों से वाटर आपूर्ति बाधित है, जिसे अविलम्ब ठीक कराने, पुराने एवं अनयुज्ड आई0ई0सी0 को हटाने हेतु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया।
- प्रसव कक्ष में मानकानुरूप इमरजेंसी ड्रग्स अनुपलब्ध पाये गये। गर्भवती महिलाओं द्वारा ईरूपी वाउचर का उपयोग नहीं किया जा रहा था।

दिनांक 11 से 14 नवम्बर 2024 तक राज्य स्तरीय भ्रमण दल द्वारा पर्यवेक्षण के दौरान चिकित्सा इकाईयों पर पाई गई उक्त कमियों से मुख्य चिकित्साधिकारी आगरा के अध्यक्षता में प्रतिदिन सम्पन्न संध्या समीक्षात्मक बैठक में अवगत कराया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी आगरा द्वारा समयबद्ध सुधारात्मक कार्यवाही हेतु सभी जनपद स्तरीय नोडल अधिकारियों तथा चिकित्सा अधीक्षक/प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया।

| | | |
|---|---|---|
| डी0पी0सिंह | सरोज कुमार 20.11.2024 | डा0रवि प्रकाश दीक्षित |
| कार्यक्रम समन्वयक, ई0एम0टी0एस0 | परामर्शदाता (आर0आई0) | महाप्रबन्धक (मातृ स्वास्थ्य) |